सुजीत कुमार पटेल



# जीवन की तलाश

जीवन की तलाश

Publishing-in-support-of,

# FSP Media Publications

RZ 94, Sector - 6, Dwarka, New Delhi - 110075
Shubham Vihar, Mangla, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001

**Website:** *www.fspmedia.in*

**© Copyright, Author**

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

**ISBN:**978-81-19927-96-8

**Price:** ₹ 178.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Publisher

Printed in India

# जीवन की तलाश

## सुजीत कुमार पटेल

"Poetry is when an emotion has found its
thought and the thought has
found words"

Robert Frost

# लेखक के बारे में

मेरा जन्म सतना जिले के छोटे से गाँव में हुआ। मेरा बचपन प्राकृतिक सुंदरता के बीच बीता। बचपन से ही प्रकृति की गोद में पला-बढ़ा, जिससे मुझे प्रकृति से गहरा लगाव हो गया। मैं हमेशा जंगल में जाया करता, अकेले ही पेड़ों को निहारता, प्रकृति की गोद में बैठा रहता। इसी क्रम के साथ, धीरे-धीरे मैंने १२वीं पास किया, अपनी रुचि के विपरीत इंजीनियरिंग कालेज में दाखिला ले लिया और इस दौड़ में शामिल हो गया। एक साल पढ़ाई की फिर छोड़ दिया। अब सुकून से रहता हूँ, अच्छी पुस्तकें पढ़ता हूँ, व कल्पना में डूबा रहता हूँ, और ज्ञान का सृजन करता हूँ। इसी में मुझे आनंद की अनुभूति होती है।

मेरा मानना है कि जीवन एक महा प्रयोग है, और शरीर एक प्रयोग शाला। जीवन में आने वाले हर अनुभव को एक प्रयोग मान के उसका आनंद उठाना चाहिए। मेरी रुचि दर्शन, चिंतन, और कविता में है, मैं पिछले तीन सालों से खुद को परख रहा हूँ। इसी का परिणाम ''जीवन की तलाश'' पुस्तक है, जो कि आपके सामने है। अपने लेखन के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मकता फैलाना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है, और यही मेरा परिचय है।

# पुस्तक के बारे में

''जीवन की तलाश'' जीवन के वास्तविक रोमांचक सफर पर आधारित पुस्तक है। इस दुनिया के रंग - मंच पर आप अपने जीवन के हर तरह के किरदार का अनुभव, इस पुस्तक के माध्यम से कर पाएँगे। जहाँ एक ओर आपको अपने जीवन में प्रेम के आवेश की अनुभूति होगी, वहीं दूसरी ओर आप अपने जीवन में खुशी, प्रेरणा, मन की स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। इस पुस्तक की खास बात यह है कि सारी कविताएँ काल्पनिक है, पर अनुभव के स्पर्श ने इन्हें वास्तविक बना दिया है। सभी कवितायें आपको जीवन की वास्तविकता का अनुभव कराती है, लेखक के शब्दों में -

''कल्पना में जब अनुभव का स्पर्श हो जाता है,
तब कल्पना वास्तविकता का रूप धारण कर लेती है,
और वास्तविकता की अनुभूति कराती है।''

इस पुस्तक में हर तरह की कविताओं का समावेश है, प्रेम, रोमांस, प्रेरणा, दया, करुणा, कृतज्ञता, जो जीवन का एक लक्ष्य आशा और विश्वास ऊर्जा, और प्रकाश से प्रेरित है। यह पुस्तक आपके जीवन की तलाश को पूरी करती है, यह पुस्तक हर वर्ग के लोग बच्चे, नौजवान, बूढ़े को संतुष्ट करती है।

इस जीवन के रोमांचक सफर में कुछ ऐसे पल भी आते हैं, जब हम खुद को अच्छा महसूस नहीं करते, कभी - कभी हमारे जीवन में ऐसे मोड़ आ जाते हैं, जहाँ मस्तिष्क की चेतना कुंद होने लगती है। हमारी मानसिक सक्रियता गायब होने लगती है, हमारा ध्यान समस्या केन्द्रित हो जाता है। जब हमारे अंदर, जलन, द्वेष, नफरत, क्रोध की प्रबल भावनाएँ मस्तिष्क को कमजोर बनाने लगती है, और हमारे मन में अस्थिरता पैदा हो जाती है, तब जीवन में अंधेरा महसूस होता है। हम जीवन की वास्तविकता से दूर भागने लगते हैं, अपनी कमी को स्वीकार कर आत्म सुधार करने की बजाय, दूसरों में दोषा - रोपण कर जीवन की प्रगति को

धीमा बना देते हैं। खुद की बजाय दूसरों से उम्मीदे पैदा कर लेते हैं या ये कहे कि जब हमारा मानसिक रवैया हमारे विपरीत हो जाता है, और हम उस पर नियंत्रण खोने लगते हैं, तब जरूरत होती है एक प्रकाश की, जो हमारे अंदर मौजूद आत्म प्रेरणा के जरिये जीवन की दिशा का ज्ञान करा सके। ‘‘जीवन की तलाश’’ पुस्तक वही प्रकाश है, जहाँ आपके जीवन की तलाश पूरी होती है।

इस पुस्तक के जरिये इंसान की मानसिक स्थितियों की खोज को कविताओं में पिरोया गया है। जैसे-जैसे आप इस पुस्तक की यात्रा में आगे बढ़ेंगे, आपको इस पुस्तक में जीवन की अनुभूति होने लगेगी। सच तो यह है कि आप इस पुस्तक के जरिये जीवन की सबसे बड़ी दौलत प्रेम, कृतज्ञता, आस्था, मानसिक शाँति, दया, प्रेरणा, ऊर्जा, आशा और विश्वास की वास्तविक अनुभूति कर पाएँगे।

# मेरी आत्म प्रेरणा

मेरी आत्म प्रेरणा ही कल्पना है, और कल्पना ही मेरे लिए सब कुछ है -

''बेशक मैं भावनाओं के मौज में बहता हूँ,
पर अपनी प्रवृति के नियमों के थाहं में रहता हूँ''

कविताओं के माध्यम से मन का नियंत्रण और शाँति से खुद को भरता रहता हूँ। मेरी कमजोरी ही मेरी आत्मप्रेरणा है, मेरी ऊर्जा है। जो भावनाओं के साथ मिलकर बहने लगती है, मेरे अंदर मौजूद अज्ञान रूपी अंधकार को काटने लगती है। ज्ञान के प्रकाश से भर देती है। मस्तिष्क जाग उठता है, स्फूर्ति से भर जाता है। अवचेतन मन से उबर कर विचार, मस्तिष्क पटल में छा जाते है, और निकल पड़ते हैं शब्द बन जाती है कविता।

# आभार

मेरी जिंदगी में आने वाली हर चीज का आभारी हूँ। सजीव व निर्जीव दोनों रूपों का इस पूरी सृष्टि का आभारी हूँ। जिन्होंने इस खूबसूरत से गृह पर जीवन जीने का मौका दिया। उन पुस्तकों का आभारी हूँ, जहाँ से मुझे लिखने की प्रेरणा मिली। अपने दोस्त अभिषेक मालवीया का आभारी हूँ, जिसने मेरे लिए दर्पण का काम किया, जिसके जरिये खुद को देख पाया, जो मुझे महान विचारों से हमेशा अवगत कराता रहा है।

# समर्पण

यह पुस्तक मेरे देश की आज की पीढ़ी,
मेरे नौजवान भाइयों को समर्पित है।

## लेखक के बारे में

मेरा जन्म सतना जिले के छोटे से गाँव में हुआ। मेरा बचपन प्राकृतिक सुंदरता के बीच बीता। बचपन से ही प्रकृति की गोद में पला–बढ़ा, जिससे मुझे प्रकृति से गहरा लगाव हो गया। मैं हमेशा जंगल में जाया करता, अकेले ही पेड़ों को निहारता, प्रकृति की गोद में बैठा रहता। इसी क्रम के साथ, धीरे–धीरे मैंने 12वीं पास किया, अपनी रुचि के विपरीत इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला ले लिया और इस दौड़ में शामिल हो गया। एक साल पढ़ाई की फिर छोड़ दिया। अब सुकून से रहता हूँ, अच्छी पुस्तकें पढ़ता हूँ, व कल्पना में डूबा रहता हूँ, और ज्ञान का सृजन करता हूँ। इसी में मुझे आनंद की अनुभूति होती है।

मेरी आत्म प्रेरणा ही कल्पना है, और कल्पना ही मेरे लिए सब कुछ है –

"बेशक मैं भावनाओं के मौज में बहता हूँ,
पर अपनी प्रवृत्ति के नियमों के थाहं में रहता हूँ"

कविताओं के माध्यम से मन का नियंत्रण और शाँति से खुद को भरता रहता हूँ। मेरी कमजोरी ही मेरी आत्मप्रेरणा है, मेरी ऊर्जा है। जो भावनाओं के साथ मिलकर बहने लगती है, मेरे अंदर मौजूद अज्ञान रूपी अंधकार को काटने लगती है। ज्ञान के प्रकाश से भर देती है। मस्तिष्क जाग उठता है, स्फूर्ति से भर जाता है। अवचेतन मन से उबर कर विचार, मस्तिष्क पटल में छा जाते है, और निकल पड़ते हैं शब्द, बन जाती है कविता।

मुझे पुस्तक लिखने की प्रेरणा ऐसे नौजवान भाइयों से मिली, जो आज दो राहों पर खड़े हैं। जो जीवन की दिशा को निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं या तो गलत रास्ते में जा रहे है या अवसाद के शिकार होकर पूर्ण निष्क्रियता के गर्त में जा रहे हैं व जीवन के प्रति आकर्षण खो रहे हैं। नौजवानों को उनके अंदर की आत्मप्रेरणा को जगाने के उद्देश्य से इस पुस्तक को लिखा गया है, ताकि मेरे भाई नौजवान साथी, इस पुस्तक को पढ़ कर अपने ही आत्मप्रेरणा के जरिये, सारे आंतरिक अवरोधों को पार कर जीवन को एक नई दिशा दे सके, और इस खूबसूरत से जीवन का आनंद उठा सके।



लेखक से सम्पर्क हेतुः
www.successtrick.com
kumarsujeet446@gmail.com

FSP MEDIA PUBLICATIONS

BOOK AVAILABLE
Flipkart Google Play
amazon amazonkindle

EBOOK AVAILABLE
ISBN 978-81-19927-96-8
9 788119 927968